## अध्याय – 4 | राजनीतिक दल

**QUIZ-01**

**1. किसी दल को राष्ट्रीय दल मान्यता प्राप्त करने के लिए न्यूनतम कितने प्रतिशत वोट और कितनी सीटें चाहिए होती हैं?**

A. 4% वोट और 2 लोकसभा सीटें
B. 6% वोट और 4 लोकसभा सीटें
C. 5% वोट और 5 लोकसभा सीटें
D. 8% वोट और 6 लोकसभा सीटें (B)

*व्याख्या :* एक दल को राष्ट्रीय दल बनने के लिए चार राज्यों में 6% वोट और 4 लोकसभा सीटें जीतनी होती हैं।

**2. निम्नलिखित में से कौन-सा राजनीतिक दलों का कार्य नहीं है?**

A. न्यायिक मामलों का संचालन
B. चुनावों में भाग लेना
C. सरकार बनाना
D. जनमत तैयार करना (A)

*व्याख्या :* न्यायिक मामलों का संचालन अदालतों का कार्य है, राजनीतिक दलों का नहीं।

**3. वंशानुगत उत्तराधिकार का उदाहरण क्या है?**

A. पार्टी में आंतरिक चुनाव
B. जनता से नेता चुनना
C. परिवार के भीतर ही नेतृत्व देना
D. मंत्रियों के लिए सार्वजनिक मतदान (C)

*व्याख्या :* जब एक ही परिवार के लोग पार्टी का नेतृत्व करते हैं, तो उसे वंशानुगत उत्तराधिकार कहा जाता है।

**4. दलबदल विरोधी कानून का उद्देश्य क्या है?**

A. चुनाव प्रचार रोकना
B. पार्टी फंडिंग करना
C. निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा पार्टी बदलने से रोकना
D. आपराधिक पृष्ठभूमि जांचना (C)

*व्याख्या :* यह कानून सांसदों और विधायकों को दलबदल करने पर अयोग्य ठहराता है।

**5. 1984 में कांशीराम द्वारा स्थापित राष्ट्रीय पार्टी कौन-सी है?**

A. भारतीय जनता पार्टी
B. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
C. बहुजन समाज पार्टी
D. नेशनल पीपल्स पार्टी (C)

*व्याख्या :* बहुजन समाज पार्टी की स्थापना कांशीराम ने दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों के हित में की थी।

**6. भारत में कौन-सी पार्टी प्रणाली लागू है?**

A. एक-दलीय प्रणाली
B. दो-दलीय प्रणाली
C. बिना दल की प्रणाली
D. बहुदलीय प्रणाली (D)

*व्याख्या :* भारत में बहुदलीय प्रणाली है, जहाँ कई दल चुनाव में भाग लेते हैं और गठबंधन सरकार बनाते हैं।

**7. राजनीतिक दलों में आंतरिक लोकतंत्र का अर्थ क्या है?**

A. आम चुनाव कराना
B. केवल एक नेता के पास शक्ति होना
C. नियमित चुनाव और पारदर्शी निर्णय प्रक्रिया
D. चुनावों में बहुमत प्राप्त करना (C)

*व्याख्या :* आंतरिक लोकतंत्र का अर्थ है कि पार्टी में सदस्यों की भागीदारी और पारदर्शिता हो।

**8. निम्न में से कौन-सी पार्टी 2011 के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के बाद बनी थी?**

A. सीपीआई (एम) B. बीजेपी
C. कांग्रेस D. आम आदमी पार्टी (D)

*व्याख्या :* आम आदमी पार्टी 2012 में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के बाद बनी थी।

**9. विपक्षी दल की भूमिका क्या होती है?**

A. आपराधिक मामलों का संचालन
B. केवल सरकार की नीतियों को स्वीकार करना
C. सरकार की आलोचना और प्रश्न करना
D. अदालत के निर्णयों को लागू करना (C)

*व्याख्या :* विपक्षी दल वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है और सरकार की जवाबदेही तय करता है।

**10. चुनावों में धनबल के प्रभाव को कम करने का एक प्रमुख सुझाव क्या है?**

A. मतदान केंद्रों पर अधिक पुलिस
B. चुनावों का राज्य द्वारा वित्तपोषण
C. अनिवार्य मतदान
D. पार्टी चिह्नों पर प्रतिबंध (B)

*व्याख्या :* चुनावों का राज्य द्वारा वित्तपोषण राजनीतिक दलों की आर्थिक निर्भरता को कम कर सकता है।


मिशन ज्ञान — जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App